# डिजिटल डिस्प्ले पर दिखेगा बसों का समय

## सिटी बसों में इलेक्ट्रॉनिक पास सिस्टम जल्द, एप से जानकारी

जागरण संवाददाता, पटना: सिटी बस सेवा सस्ते किराए के कारण पटनावासियों के बीच लोकप्रिय हो गई है। शहर के 13 रूटों पर 110 बसों से प्रतिदिन 50 हजार से अधिक लोग यात्रा कर रहे हैं। हाल के दिनों में महिला कॉलेज स्पेशल बस खुलने से छात्राओं में काफी उत्साह है।

परिवहन विभाग ने सिटी बस को और अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए बस स्टॉपेज पर डिजिटल डिस्प्ले लगाना शुरू किया है। आयकर गोलंबर बस स्टॉपेज पर डिस्प्ले बोर्ड लग गया है। एयरपोर्ट बस स्टॉपेज और बांकीपुर बस पड़ाव में भी डिजिटल डिस्प्ले लगने जा रहा है। रेल गाड़ी की तरह ही यहां आने वाली बसों की जानकारी मिलेगी। बसों में लगे जीपीएस से डिस्प्ले बोर्ड जुड़ा है। इससे बस आने के समय की सही जानकारी स्टॉपेज पर इंतजार कर रहे लोगों को मिलेगी।

### घर से भी यात्री जान सकेंगे शहर में बसों की स्थिति

यात्रियों की सुविधा में वृद्धि के लिए परिवहन विभाग मोबाइल एप भी जारी करने जा रहा है। मोबाइल एप पर घर बैठे सिटी बसों की जानकारी मिलेगी। इससे सभी रूटों पर चलने वाली बसों की जानकारी ले सकते हैं। उसमें जानकारी मिलेगी कि किस स्टॉपेज पर बस कब आएगी। रेलवे की तर्ज पर एप तैयार किया गया है। एप को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जल्द ही इसे लॉन्च करने की तैयारी है। इसमें तकनीकी खामियां दूर की जा रही हैं।

**110** बसें चल रही हैं राजधानी के 13 रूटों पर

**50** हजार लोग प्रतिदिन सिटी बसों में कर रहे हैं यात्रा




बोरिंग रोड स्थित आयकर चौराहा के पास बस पड़ाव पर सिटी बसों की जानकारी के लिए लगाया गया डिजिटल डिस्प्ले स्क्रीन • जागरण

### फिलहाल तीन स्थानों पर किया गया ट्रायल, नहीं करना होगा इंतजार

जिंदगी काफी फास्ट है। लोगों को सिटी बस के लिए ज्यादा इंतजार न करना पड़े, इसके लिए कई स्तर पर काम हो रहा है। इसी क्रम में मोबाइल एप बनाने की तैयारी है। बस स्टॉपेज पर डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड लग रहा है। फिलहाल तीन स्थानों पर ट्रायल होगा। डिस्प्ले बोर्ड की सुरक्षा मुख्य मुद्दा है। सभी बिंदुओं पर विचार करते हुए सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं।

संजय कुमार अग्रवाल, परिवहन सचिव, पटना

एटीएम कार्ड की तरह होगा पास : सिटी बसों से नियमित यात्रा करने वाले इलेक्ट्रॉनिक पास बनवा सकते हैं। एटीएम कार्ड की तरह इसका स्वरूप होगा। इलेक्ट्रॉनिक पास बनाने के लिए जरूरी प्रक्रियाएं प्रारंभ कर दी गई हैं। आशंका जताई जा रही है कि यह सुविधा लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लागू होने के कारण फिलहाल प्रारंभ नहीं हो पाएगी। कामकाजी लोग इलेक्ट्रॉनिक पास बनवा सकते हैं। यह सुविधा कॉलेज की छात्र-छात्राओं के लिए भी फायदेमंद साबित होगी।

## पटना–गाजियाबाद वोल्वो बस में बुक हो जा रहीं सभी सीटें

जास, पटना: पटना से गाजियाबाद जानेवाली हाइटेक वोल्वो बस परिचालन को अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। परिचालन शुरू होने के दूसरे दिन सोमवार को यह बस यात्रियों से भरी हुई थी। एक भी सीट खाली नहीं थी। सभी सीटों की बुकिंग पहले ही हो चुकी थी। हाइटेक स्लीपर बस के नियमित परिचालन में अभी दो-तीन दिन का समय लगेगा। 52 सीट वाली वोल्वो बस पटना से नोएडा होते हुए गाजियाबाद के लिए अब प्रतिदिन बांकीपुर बस स्टैंड से दोपहर दो बजे खुलेगी। 18 घंटे में यह बस पटना से गाजियाबाद पहुंच रही है।

किशनगंज से भी गाजियाबाद के लिए बस सेवा शुरू: परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि पटना से गाजियाबाद और गाजियाबाद से पटना के लिए सोमवार को दोपहर दो बजे बस खुली। पहले दिन यात्रियों का काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला। होली में घर लौटने में बिहारवासियों को अब काफी आसानी होगी। पटना के साथ ही किशनगंज से भी सोमवार को गाजियाबाद के लिए बस सेवा शुरू की गई।

ट्रेन और फ्लाइट पर घटेगी निर्भरता: पटना से गाजियाबाद के लिए वोल्वो बस में बुकिंग कराने वाली पहली महिला पैसेंजर पुष्पा झा ने बताया कि नोएडा-गाजियाबाद बस सेवा शुरू होने से अब लोगों को ट्रेन और फ्लाइट पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। ट्रेन में सालों भर मारामारी रहती है।

### वोल्वो सीटर बस का किराया

पटना– गाजियाबाद : 1650

बक्सर– गाजियाबाद : 1550

नालंदा– गाजियाबाद : 1750

किशनगंज– गाजियाबाद : 2100

### स्लीपर बस का किराया

पटना–गाजियाबाद (स्लीपर) – 1900 रुपया

डायमंड स्लीपर का किराया (साइड लोअर सिंगल)– 2000 रुपया

### दो स्लीपर और पांच सामान्य वोल्वो बस

गाजियाबाद के लिए बिहार से कुल 2 स्लीपर और 5 सीटर वोल्वो बस उपलब्ध है। पटना से गाजियाबाद के लिए कुल चार बसों का परिचालन हो रहा है। बक्सर–गाजियाबाद, नालंदा– गाजियाबाद और किशनगंज–गाजियाबाद के लिए भी एक–एक सीटिंग बसें चलेंगी।